भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
# MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.08.2024

## आरेडिका मे धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 15.08.2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

महाप्रबन्धक महोदय ने स्वतंत्रता दिवस के सम्बोधन में आरेडिका के वर्ष 2023–24 की उपलब्धियों के बारे में बताया। आरडिका ने इस वर्ष जून माह में 12 हजारवें कोच का उत्पादन किया है, कोचों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। वर्ष 2024–25 के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 2496 कोच उत्पादन का ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है एवं आरेडिका रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है, और अभी तक इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत कोचों का अधिक उत्पादन हुआ आरेडिका में वन्देभारत, तेजस, आदि कोचों का उत्पादन हो रहा है। इस वर्ष अप्रैल माह में आरेडिका के लिए गौरव का क्षण आया जब रेलवे बोर्ड ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के संचालन की जिम्मेदारी आरेडिका को प्रदान की एवं 35 हजार व्हीलों के निर्माण का लक्ष्य दिया। आरेडिका में बने 3 मेगावाट सोलर प्लाण्ट से 37.91 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन किया।

महाप्रबधक महोदय ने ईको पार्क में वृक्षारोपण किया तथा वृक्षारोपण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्मिको को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड किया जिसमें उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चे भी शामिल हुए। आरेडिका सांस्कृतिक संगठन तथा स्काउट एवं गाइड के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं समूह लोक नृत्य प्रस्तुत किए गये।

समारोह में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं सदस्याएं, अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के प्रतिनिधि और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आरेडिका में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान 2319 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने घरों एवं जन सेवा भवनों पर 13–15 तक अगस्त तिरंगा फहराया एवं जन सेवा भवनों को रंग–विरंगे विद्युत प्रकाश द्वारा तिरंगें के रूप में सजाया गया एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र गौरव में सहभागिता की।

इसके साथ–साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं।

16.8.2024

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी